जोधपुर डिस्कॉम एवं नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू पर किये गए हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

22 फरवरी, 2023 को राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में जयपुर स्थित शासन सचिवालय परिसर में आयोजित बैठक में जोधपुर डिस्कॉम एवं नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- जोधपुर डिस्कॉम एवं नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के बीच हुए एमओयू के तहत अमृतसर-भटिंडा-जामनगर एक्सप्रेसवे पर राज्य में तीन ज़िलों हनुमानगढ़, बीकानेर और जोधपुर के कुल छह स्थानों पर 11 सोलर पावर प्लांट विकसित किये जाएंगे।
- कुल 27.43 मेगावाट क्षमता के ये पावर प्लांट सौर कृषि आजीविका योजना (पीएम कुसुम) के तहत लगाए जाएंगे। ये पावर प्लांट हनुमानगढ़ ज़िले के कोल्हा गाँव, बीकानेर ज़िले के मलकीसर-गोपल्यान रोड, नौरंगदेसर एवं रासीसर गाँव तथा जोधपुर ज़िले के भीकमकोर गाँव में लगेंगे तथा 8 सबस्टेशन को कवर करेंगे।

उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के माध्यम से यह कार्य योजना तैयार की है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस हाइवेज के किनारे सौलर पैनल लगाए जाने हैं। यह योजना पीपीपी मोड (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के आधार पर विकसित की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-jodhpur-discom-and-national-highways-logistics-management-limited